बरेली, सोमवार
7 सितंबर, 2026
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 16+4=20

दैनिक जागरण

**Page No. IV : Top**



रिद्धिमा में कथक नृत्य प्रस्तुत करते कलाकार • सौ. आयोजक

## कथक नृत्य से दर्शायी श्रीकृष्ण की बाल लीलाएं

बरेली : एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार शाम कथक नृत्य के माध्यम से श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं और प्रेरक प्रसंगों का 'कथा कान्हा की' में मंचन किया। आरंभ कथक के विद्यार्थियों कविमना, अन्वी, आयत, मीरा, विविक्षा, नित्या, त्रिशिका, मुक्तिका, पंखुड़ी आदि ने किया। कथक गुरु अंशु कुमार शर्मा और विद्यार्थियों ने गिरि गोवर्धन लीला का प्रदर्शन किया, जबकि कथक गुरु देव ज्योति नमस्कार, लिया श्री चटर्जी के साथ विद्यार्थियों ने रासलीला की प्रस्तुति दी। गायन गुरु प्रियंका ग्वाल और सात्विक मिश्रा ने अपने स्वरों के माध्यम से उपस्थिति दर्ज कराई। ट्रस्ट के संस्थापक देव मूर्ति, आदित्य मूर्ति, आशा मूर्ति, ऋचा मूर्ति, देविशा मूर्ति, उषा गुप्ता, डा. एमएस बुटोला आदि मौजूद रहे। (वि.)